(Pages : 4) **N – 7511**

Reg. No. : ....

Name : ....

Fourth Semester B.A./B.Sc. Degree Examination, August 2022

First Degree Programme Under CBCSS

Language Course : Additional Language - Hindi

HN 1411.1 — HINDI : KAVITA EVAM EKANKI

(2020 Admission)

Time : 3 Hours Max. Marks : 80

I. एक शब्द या एक वाक्य में उत्तर लिखिए।

1. 'टूटा पहिया' किसकी कविता है?
2. 'सूरसारावली' किसकी रचना है?
3. 'औरत और घर' कविता का रचनाकार कौन है?
4. 'छोटी मछली बड़ी मछली' एकांकी का रचनाकार कौन है?
5. पंतजी के मतानुसार गंगा नदी में शुक्र नक्षत्र कैसे प्रतीत होता है?
6. तुलसीदासजी के मतानुसार धर्म का मूल क्या है?
7. 'चकोरी' किस एकांकी का पात्र है?
8. अपनी भाषा की सुंदरता एवं महत्ता स्पष्ट करनेवाली डॉ. ए. अरविंदाक्षन की एक कविता का नाम
9. बलदेव की बहन का नाम क्या है?
10. 'गांधीजी जानते थे नमक की कीमत और अमरूदोंवाली मुनिया भी' किस कविता की पंक्ति है?

(10 × 1 = 10 Marks)

P.T.O.

VTM NSS COLLEGE LIBRARY

II. किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर करीब 50 शब्दों में लिखिए।

11. गंगा जल के बीच से उड़ने वाली पक्षी को कवि क्या मानता है?

12. दुर्लभ मानव जीवन के संबंध में कबीरदास जी ने क्या कहा है?

13. 'मुट्ठी भर दाने को भूख मिटाने को

मुँह फटी पुरानी झोली का फैलाता' यह किस कविता की पंक्ति है? रचनाकार कौन है?

14. औरत के लिए और पूरे समाज के लिए खतरनाक क्या है?

15. डॉ. कौशिक ने जिस दवा का आविष्कार किया है उसकी विशेषता क्या है? उसका परीक्षण पहले किसमें किया?

16. 'शादी की बात' एकांकी की प्रमुख समस्याएं क्या-क्या हैं?

17. अभिमन्यु को क्यों दुस्साहसी कहा गया है?

18. 'जाति न पूछो साधु की पूछ लीजिए ज्ञान।

मोल करो तलवार का पड़ा रहन दो म्यान' अर्थ स्पष्ट कीजिए।

19. 'पावस देखि रहीम मन, कोइल साधे मौन।

अब दादुर बकता भए हमाके पूछे कौन' अर्थ स्पष्ट कीजिए।

20. सूरदासजी के मतानुसार अनंत सुख श्रीकृष्ण से मिल पाते हैं अन्य से नहीं। क्या-क्या उदाहरण देकर कवि ने इसे स्पष्ट किया है?

21. 'घर में सुरक्षापूर्वक होने का अहसास वह एक' यहाँ किसके बारे में कहा गया है? क्यों?

22. बलदेव ने केशव का वध क्यों किया?

23. चाँद दहेज़ की बात कहने पर चकोरी की प्रतिक्रिया क्या थी?

24. 'मैं अपनी चिरैयों से यही कहना चाहता हूँ' यह किस कविता की पंक्ति है। कवि चिरैयों से क्या कहना चाहता है?

25. पिता के कंधे पर बैठते वक्त बच्चो को कैसे लगता है?

26. लहरों में प्रकट फेन के बुलबुलों को कवि क्या मानता है?

(8 × 2 = 16 Marks)

VTM NSS COLLEGE LIBRARY

III. किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर करीब 120 शब्दों में लिखिए।

27. 'मौत जालिम है पर ज़िन्दगी के कायदे उससे भी ज्यादा जालिम' संदर्भ स्पष्ट कीजिए।

28. 'मालिन आवत देखिकर कलियाँ करि पुकार।

फूले-फूले चुन लिए कलि हमारी बार'।। अर्थ स्पष्ट कीजिए।

29. 'चाट रहे जूठी पत्तल वे सभी सड़क पर खड़े हुए

और झपट लेने को उनसे कुत्ते भी है अड़े हुए' अर्थ व्यक्त कीजिए।

30. कवि नौका विहार को जीवन दर्शन के आधार पर कैसे निरूपित किया है?

31. 'इतिहास की सामूहिक गति

सहसा झूठी पड़ जाने पर

क्या जाने सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले' स्पष्ट कीजिए।

32. महादेव का चरित्र चित्रण कीजिए।

33. चाँद एवं चकोरी कैसे भैय्या बन गये?

34. 'जड़ चेतन गुन दोषमय बिस्व कीन्ह करतार

संत हंस गुन गहहिं पय, परिहरि वारि विकार' अर्थ स्पष्ट कीजिए।

35. पिता की मेहनत कैसे हैं?

36. अपनी भाषा का इस्तेमाल करते वक्त मौसम की खुशमिजाजी क्या-क्या हैं?

37. 'शादी की बात' एकांकी के पात्रों का चरित्र चित्रण कीजिए।

38. 'दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान

तुलसी दया न छोडिए, जब लग घट में प्राण' अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(6 × 4 = 24 Marks)

VTM NSS COLLEGE LIBRARY

IV. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 250 शब्दों में लिखिए।

39. 'नौकाविहार' कविता का भावार्थ लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

40. 'छोटी मछली बड़ी मछली' एकांकी की समीक्षा कीजिए।

41. 'जान से प्यारे' एकांकी की कथावस्तु लिखिए।

42. सूरदास की कृष्ण भक्ति स्पष्ट कीजिए।

43. 'भाषा की मिठास' कविता का भाव स्पष्ट कीजिए।

44. 'दस मिनट' एकांकी की समीक्षा कीजिए।

(2 × 15 = 30 Marks)

VTM NSS COLLEGE LIBRARY